कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / परीक्षा प्रश्न पत्र / मूल्यांकन / 66191 / 2020–21 / दिनांक :14 .4.2021

समस्त संस्था प्रधान
प्राथमिक विद्यालय / उच्च प्राथमिक विद्यालय / माध्यमिक विद्यालय / उच्च माध्यमिक विद्यालय

विषय–सत्र 2020–21 की परीक्षा एवं कक्षोन्नति के संबंध में।

उपर्युक्त विषयांतर्गत सत्र 2020–21 में नियमित विद्यार्थियों की कक्षा क्रमोन्नति के संबंध में निर्देशित किया जाता है कि :––

1. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा ली जाने वाली कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की परीक्षा सत्र 2020–21 को स्थगित किया जाता है।
2. बोर्ड कक्षाओं के अलावा अन्य कक्षाओं, कक्षा 1 से 9 तथा 11 में पंजिकृत एवं नियमित अध्ययन की पुष्टि उपरांत इन विद्यार्थियों को "आओं घर से सीखें कार्यक्रम" स्माइल, स्माईल–2 तथा आनलाइन अध्ययन के आधार पर आगामी कक्षा क्रमोन्नत जाता है। (कक्षा 1 से 7 के लिए पूर्व में आदेश जारी किए जा चुके हैं।)
3. आगामी कक्षा में क्रमोन्नत हुए उक्त विद्यार्थियों के कक्षा–क्रमोन्नति प्रमाणपत्र दिनांक 10.05.2021 से सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु शाला दर्पण के माध्यम से तथा गैरसरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु प्राईवेट स्कूल पोर्टल से विद्यालय द्वारा डाउनलोड़ किए जा सकेंगे। यह प्रमाणपत्र विद्यार्थी के स्कॉलर नम्बर के आधार पर होंगें। अतः एक विद्यार्थी हेतु एक ही प्रमाण पत्र जनरेट होगा।
4. आगामी सत्र 2021–22 के प्रारम्भ की तिथि पृथक से घोषित की जाएगी। नवीन सत्र प्रारम्भ होने तक सभी सरकारी / गैररसरकारी, शहरी / ग्रामीण **विद्यार्थियों के लिए अध्ययन अवकाश** रहेगा। ये विद्यार्थी घर से ही पूर्व की भांति ऑनलाइन अध्ययन को e–कक्षा एवं स्माइल की डिजिटल अध्ययन–सामग्री से निरन्तर रख सकेगें।

(सौरभ स्वामी)
आइएएस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु

1. विशिष्ट सहायक, शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजस्थान सरकार जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा राजस्थान जयपुर।
3. निदेशक संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर।
4. संभागीय संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा समस्त / मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समस्त / सीबीईओ।
5. उपनिदेशक शाला दर्पण जयपुर को भेजकर लेख है कि इस क्रम में आवश्यक कार्यवाही कराएं।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर